कार्यालय : कार्यालय : 9919803788

हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय

खलीलाबाद-272 175, संत कबीर नगर (उत्तर प्रदेश)

ई-मेल : hrpgcollage@gmail.com वेबसाईट : www.hrpg.edu.in

Accredited 'B' by NAAC (U.G.C.)

College with potential for Excellence Awarded by U.G.C.

पत्रांकः–ही0रा0पी0जी0 / सूचना / 2026–27 दिनांक 10.09.2026

विशेष परिस्थिति में पंचम एवं षष्ठम सेमेस्टर में प्रवेश के संबंध में आवश्यक सूचना

महाविद्यालय के समस्त सम्बन्धित छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत तृतीय वर्षीय पाठ्यक्रम के सत्र 2025–26 में चतुर्थ सेमेस्टर में अध्ययनरत ऐसे छात्र–छात्राएँ, जो प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर में एक से अधिक विषयों में अनुत्तीर्ण होने के कारण पंचम सेमेस्टर में प्रवेश नहीं ले पा रहे हैं, उन्हें छात्रहित में विशेष परिस्थिति के अन्तर्गत सत्र 2026–27 के पंचम एवं षष्ठम सेमेस्टर में प्रवेश लेने की अनुमति प्रदान की गई है।

अतः ऐसे समस्त छात्र–छात्राएँ, जो उपर्युक्त श्रेणी में आते हैं, महाविद्यालय में तत्काल उपस्थित होकर पंचम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु अपना आवेदन / प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

यह प्रवेश विश्वविद्यालय के आदेशानुसार निम्न शर्त के अधीन होगा–

सम्बन्धित छात्र–छात्राओं को अंक–पत्र तब तक निर्गत नहीं किया जाएगा, जब तक उनके द्वारा सभी बैक पेपर उत्तीर्ण नहीं कर लिये जाते हैं।

अतः सभी सम्बन्धित छात्र–छात्राओं को निर्देशित किया जाता है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए समय से अपना प्रवेश कराते हुए अपने सभी Back Paper उत्तीर्ण करना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।

प्रो0(ब्रजेश कुमार त्रिपाठी)
प्राचार्य
ही० रा० स्ना० महा०, खलीलाबाद
संत कबीर नगर

प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–समस्त शिक्षकों को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना सोसल मीडिया के माध्यम से छात्र / छात्राओं में प्रसारित करना सुनिश्चित करें।
2–पूछताछ काउण्टर, एच0आर0पी0जी0 कॉलेज, खलीलाबाद, संतकबीरनगर।
3–श्री मनोज कुमार , एच0आर0पी0जी0 कॉलेज, खलीलाबाद, संतकबीर नगर।
4–कार्यालय अधीक्षक, एच0आर0पी0जी0 कॉलेज, खलीलाबाद, संतकबीरनगर को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सूचना महाविद्यालय के वेबसाइट www.hrpg.edu.in एवं फ़ेसबुक पेज Hira Lal Ram Niwas PG Collage पर अपलोड कर सूचना बोर्ड पर चस्पा कराना सुनिश्चित करें।

प्रो0(ब्रजेश कुमार त्रिपाठी)
प्राचार्य
ही० रा० स्ना० महा०, खलीलाबाद
संत कबीर नगर